# राजस्थान कर बोर्ड, अजमेर

**परिशोधन प्रार्थना–पत्र संख्या – 86/2013/भीलवाड़ा.**
**(सम्बन्धित अपील संख्या – 1402/2010/भीलवाड़ा)**

सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी,
वार्ड–चतुर्थ, निम्बाहेड़ा. .....अपीलार्थी (अप्रार्थी).

बनाम

मैसर्स चारभुजा ट्रेडर्स, भीलवाड़ा. .....प्रत्यर्थी (प्रार्थी).

**एकलपीठ**
**श्री मनोहर पुरी, सदस्य**

**उपस्थित : :**

श्री एस. के. गंगवानी, अभिभाषक .......प्रार्थी की ओर से.
श्री आर. के. अजमेरा,
उप–राजकीय अभिभाषक .........अप्रार्थी की ओर से.

**निर्णय दिनांक : 09/10/2015**

## निर्णय

1. यह परिशोधन प्रार्थना–पत्र प्रार्थी (प्रत्यर्थी) मैसर्स चारभुजा ट्रेडर्स, भीलवाड़ा द्वारा राजस्थान कर बोर्ड की अपील संख्या 1402/2010/भीलवाड़ा में एकलपीठ द्वारा पारित किये गये निर्णय दिनांक 25.05.2011 में परिशोधन हेतु राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 की धारा 33 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

2. प्रार्थी द्वारा परिशोधन प्रार्थना–पत्र के सन्दर्भ में माननीय एकलपीठ के सन्दर्भित निर्णय दिनांक 25.05.2011 में निम्न त्रुटियां बताते हुए, संशोधित किये जाने का अनुरोध किया गया है :–

(1) व्यवहारी पर नोटिस तामील नहीं होने के बावजूद शास्ति के आरोपण को विधिसम्मत ठहराया गया है।

(2) केवल घोषणा–पत्र पंचिंग नहीं किये जाने के आधार पर, माननीय उच्चतम न्यायालय के न्यायिक दृष्टान्त (2007) 18 टैक्स अपडेट 321 मैसर्स गुलजग इण्डस्ट्रीज की पालना मे धारा 76(6) की शास्ति की पुष्टि किये जाने में त्रुटि की गयी है।

(3) अपीलार्थी को पर्याप्त अवसर नहीं दिये जाने के कारण विवादित आदेश त्रुटिपूर्ण है।

3. उक्त त्रुटियों को संशोधित किये जाने हेतु प्रार्थी व्यवहारी द्वारा यह संशोधन प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया है।

4. बहस के दौरान विद्वान अभिभाषक ने परिशोधन प्रार्थना–पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए माननीय एकलपीठ का आदेश दिनांक 25.05.2011 संशोधित किये जाने का निवेदन किया।

लगातार.............2

